दिन–रविवार दिनांक– 25/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से, विशेषकर उद्योग और स्टार्टअप उद्यमों में लगे युवाओं से, गुणवत्ता पर जोर देने की अपील की है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से विकसित हो रही है और पूरे विश्व की नजर भारत पर है। उन्होंने लोगों से देश में निर्मित हर वस्तु की गुणवत्ता में सुधार का संकल्प लेने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्कृष्टता हमारा मानक और लक्ष्य होना चाहिए। श्री मोदी ने लाल किले से अपने आह्वान– जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि केवल ऐसा करके ही राष्ट्र विकसित भारत की ओर अपनी यात्रा को गति दे सकेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दस वर्ष पहले जनवरी 2016 में भारत ने स्टार्टअप इंडिया के शुभारंभ के साथ यह महत्वकांक्षी यात्रा शुरू की थी। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व में तीसरी सबसे बड़ी स्टार्टअप व्यवस्था वाला देश बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये सभी स्टार्टअप उद्यम अभिनव हैं और उन सेक्टर में काम कर रहे हैं, जिनकी केवल दस वर्ष पहले कल्पना तक नहीं की गई थी। उन्होंने कहा कि इंडिया ए.आई इंपैक्ट सम्मेलन अगले महीने आयोजित किया जा रहा है, जिनमें पूरे विश्व के प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ भारत आयेंगे। सम्मेलन में आट्रिफिशियल इंटेलिजेंस जगत में भारत की प्रगति और उपलब्धियां दर्शाई जाएंगी।

मन की बात में प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की भी चर्चा की। श्री मोदी ने कहा कि मतदाता लोकतंत्र की आत्मा हैं। जब कभी एक युवा पहली बार देश का मतदाता बनता है तो पूरे पड़ोस, गांव या शहर को एकजुट होकर उसे बधाई देनी चाहिए और मिठाईयां बांटकर इस क्षण का उत्सव मनाना चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि इससे मतदान के बारे में जागरुकता बढ़ेगी और यह भावना मजबूत होगी कि मतदाता बनना कितना महत्वपूर्ण है। कल आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर ही देश का संविधान

असतित्व मे आया। उन्होंने कहा कि यह दिन संविधान के जनक और निर्माताओं के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर देता है।

---

आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस है। इस वर्ष मतदाता दिवस का विषय है– मेरा भारत मेरा वोट। इस अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि मतदान केवल राजनीतिक अभिव्यक्ति नहीं बल्कि देश की लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया में नागरिकों के विश्वास का प्रतीक है। राष्ट्रपति ने विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ट चुनावी पद्धति पुरस्कार प्रदान किये। आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग को वर्ष दो हजार पच्चीस के मतदाता जागरूकता के सर्वश्रेष्ठ अभियान के लिए इलेक्ट्रॉनिक रेडियो श्रेणी में वर्ष दो हजार पच्चीस का मीडिया पुरस्कार प्रदान किया गया है। आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव कुमार जैन ने राष्ट्रपति से यह पुरस्कार ग्रहण किया। यह पुरस्कार चुनावी भागीदारी को बढ़ावा देने और सुलभ चुनावों के बारे में जागरूकता फैलाने में आकाशवाणी के योगदान को मान्यता देता है।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय चैनलों पर प्रसारित होगा और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी में प्रसारित किया जाएगा। इसके बाद इसका अंग्रेजी में भी प्रसारण होगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद, दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय चैनलों पर रात साढ़े नौ बजे से क्षेत्रीय भाषाओं में राष्ट्रपति का संबोधन प्रसारित करेगा।

---

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन के चलते आकाशवाणी पटना से शाम सात बजकर तीस मिनट पर प्रसारित होने वाले सांध्यकालीन प्रादेशिक समाचार बुलेटिन के समय में परिवर्तन किया गया है। प्रादेशिक समाचार का प्रसारण आज शाम छह बजकर तीस मिनट से किया जायेगा। समाचार समापन के तुरंत बाद जिले की हलचल प्रसारित की जायेगी।

---

समाप्त